चौ0 चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ
Ch. Charan Singh University, Meerut

पत्रांक : शोध/ 3136
दिनांक :– 23.05.2023

विज्ञप्ति

विश्वविद्यालय पत्रांक शोध/3126 दिनांक 20.05.2023 एवं शोध/3127 दिनांक 20.05.2023 का संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें जिसके द्वारा आनुवंशिकी एवं पादप प्रजनन तथा पत्रकारिता एवं जनसंचार विषयं में साक्षात्कार के उपरान्त अर्हं पाये गये अभ्यर्थियों से अपेक्षा की गयी थी कि वह दिनांक 20.05.2023 तक विश्वविद्यालय के प्रशासनिक भवन स्थित शोध विभाग में प्रातः 11.00 बजे से 12.00 बजे के मध्य अपने समस्त अभिलेखों यथा–आवेदन फार्म की प्रति, प्रवेश पत्र की प्रति, समस्त शैक्षिक अभिलेख एवं आरक्षण श्रेणी इत्यादि की स्व प्रमाणित छायाप्रति के साथ कोर्सवर्क हेतु निर्धारित फीस का ड्राफ्ट/ऑनलाइन पैमेंट रिसीट जमा करे, किन्तु त्रुटिवश उक्त पत्र में दिनांक 25.05.2023 के स्थान पर दिनांक 20.05.2023 अंकित हो गयी है।

अतः ऐसे अर्हं अभ्यर्थियों को सूचित किया जाता है कि वह उपरोक्त वर्णित अभिलेख दिनांक 25.05.2023 तक जमा कराया जाना सुनिश्चित करे। उक्त तिथि तक अभिलेख व कोर्सवर्क फीस जमा न करने वाले अभ्यर्थियों का अभ्यर्थन निरस्त कर दिया जायेगा एवं उनके प्रवेश पर भविष्य में विचार नहीं किया जायेगा। शेष शर्तें विश्वविद्यालय पत्रांक शोध/3126 दिनांक 20.05.2023 एवं शोध/3127 दिनांक 20.05.2023 की भाँति यथावत रहेगी।

22.05.2023

कुलसचिव